# उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड

शक्ति–भवन, 14–अशोक मार्ग, लखनऊ।
CIN No-U32201UP1999SGCO24928

संख्या : 1253–अ0प्र0(2अ)/पाकालि/2017 –8ईएम(2ए)/2017 दिनांक: 29 अप्रैल, 2017

समस्त प्रबन्ध निदेशक/निदेशक,
उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0,/
पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लि0,वाराणसी/
म0वि0वि0नि0लि0, लखनऊ/
प0वि0वि0नि0लि0, मेरठ/
द0वि0वि0नि0लि0, आगरा/
केस्को, कानपुर/

विषय : चल–अचल सम्पत्ति विवरण नियुक्ति प्राधिकारी को उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में ।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या–1/2017/13/5/1998टी0सी0–का–1–2017 दिनांक 21.03.2017 एवं पत्र सं0–518/24–पी–2–17–सा0(158)/16 दिनांक 18–04–2017 ससंलग्नक संलग्न करते हुए मुझे आपसे यह अनुरोध करने का निदेश हुआ है कि प्रारूप–1 में नवीनतम परिसम्पत्ति विवरण तत्काल कारपोरेशन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक : यथोपरि।

भवदीय,

(दुर्गा प्रसाद दीक्षित)
अनु सचिव (2अ)

संख्या : 1253(I)–अ0प्र0(2अ)/पा0का0लि0/2017 तददिनांक

प्रतिलिपि अधिशासी अभियन्ता (वेब), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि कृपया कारपोरेशन की वेबसाइट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

29/4/17

(दुर्गा प्रसाद दीक्षित)
अनु सचिव (2अ)

K. Sir Property Director Letter e-1

अर्द्धशा0प0सं0–518 / 24–पी–2–17–सा0(158)/2016

एन0एच0 रिजवी
विशेष सचिव

उत्तर प्रदेश शासन
ऊर्जा अनुभाग–2
लखनऊ : दिनांक: 18 अप्रैल, 2017

प्रिय महोदय,

मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन द्वारा अपने पत्र संख्या–1 / 2017 / 13 / 5 1998टी0सी0–का–1–2017 दिनांक 21 मार्च, 2017 द्वारा उ0प्र0 सरकारी कर्मचारि की आचरण नियमावली–1956 (यथासंशोधित) के नियम–24 में निहित प्राविधानों अनुसार निर्धारित प्रारूप पर चल एवं अचल सम्पत्ति का विवरण नियुक्ति प्राधिकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं। यह भी निर्देश दिये गये हैं कि प्रश्नग कार्यवाही राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में सम्मिलित है एवं किसी भी शिथिल को प्रतिकूल तथ्य के रूप में देखा जायेगा।

2– अतः मुख्य सचिव महोदय के उक्त पत्र दिनांक 21 मार्च, 2017 छायाप्रति एवं प्रारूप संख्या–1 संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे आपसे यह कहने अपेक्षा की गयी है कि दिनांक 20.04.2017 तक चल एवं अचल सम्पत्ति का विव निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक : यथोक्त।

भवदीय,

( एन0एच0 रिजवी )

श्री सत्य प्रकाश पाण्डेय,
निदेशक (कार्मिक प्रबन्धन एवं प्रशासन ),
उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0,
शक्ति भवन, लखनऊ।

उप सचिव–2
उप सचिव–2
अनु सचिव–2
विशेष सचिव
अनुभाग सचिव (01)

शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध

संख्या–1/2017/13/5/1998टी0सी0–का–1–2017

प्रेषक,

राहुल भटनागर,
मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,
उ0प्र0 शासन।

कार्मिक अनुभाग–1 लखनऊः दिनांक 21 मार्च, 2017

**विषयः– सरकारी सेवकों द्वारा चल तथा अचल सम्पत्ति का विवरण नियुक्ति प्राधिकारी को उपलब्ध कराने के संबंध में।**

महोदय,

आप अवगत हैं कि सरकारी सेवकों द्वारा प्रथम नियुक्ति तथा उसके पश्चात् प्रत्येक 05 वर्ष पर चल तथा अचल सम्पत्ति का विवरण नियुक्ति प्राधिकारी को उपलब्ध कराये जाने के संबंध में उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारियों की आचरण नियमावली, 1956 (यथासंशोधित) के नियम–24 में व्यवस्था है।

2. शासन द्वारा सभी सरकारी सेवकों से दिनांक 15.03.2017 की स्थिति के अनुसार उनकी चल तथा अचल सम्पत्ति का विवरण तत्काल प्राप्त किये जाने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारियों की आचरण नियमावली, 1956 (यथासंशोधित) के नियम–24 एवं सूचना उपलब्ध कराने हेतु प्रारूप संख्या–I संलग्न कर प्रेषित करते हुये मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया अपने विभाग की उपरोक्तानुसार वांछित सूचना/विवरण दिनांक 03.04.2017 तक अपने स्तर पर प्राप्त कर लें तथा कृत कार्यवाही की समेकित सूचना प्रारूप संख्या–II पर दिनांक 06.04.2017 तक कार्मिक अनुभाग–1 को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

सूच्य है कि प्रश्नगत कार्यवाही राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में सम्मिलित है। अतः इस पर व्यक्तिगत रूचि अपेक्षित है। किसी भी शिथिलता को प्रतिकूल तथ्य के रूप में देखा जायेगा।

संलग्नक–यथोपरि।

भवदीय,

(राहुल भटनागर)
मुख्य सचिव।

प्रारूप - I

घोषणा का प्रपत्र

(क)

(उन व्यक्तियों के लिये जो किसी अचल सम्पत्ति के स्वामी न हों)

मैं एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि मेरे पास कोई अचल सम्पत्ति नहीं हैं। यदि इसके पश्चात् मैं कोई अचल स अर्जित करूंगा तो मैं सम्बन्धित अवधि की पंचवर्षीय घोषणा में उस तथ्य को घोषित करूंगा।

हस्ताक्षर..........................................

पदनाम..........................................

दिनांक..........................................

(ख)

(उन व्यक्तियों के लिये जो अचल सम्पत्ति के स्वामी हों)

मैं एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि मेरे पास निम्नलिखित अचल सम्पत्ति हैं :–

भू-सम्पत्ति

| भूमि जो [illegible] में है | | | क्षेत्रफल एकड़ों में | अर्जित या पैतृक यदि अर्जित हो तो अर्जित करने का दिनांक | वार्षिक राजस्व | अनुमानित मूल्य | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | गांव | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |

गृह-सम्पत्ति

| क्रम-संख्या | गृह में स्थित | | गृह की सं० | अर्जित या पैतृक यदि अर्जित हो तो अर्जित करने का दिनांक | क्या रहने के प्रयोजन के लिये काम में आता है या किराये पर उठाया गया है | वार्षिक किराया | अनुमानित मूल्य | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ग्राम, कस्बा या नगर | जिला | | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | | | | | | | | |

यदि मैं भविष्य में और अचल सम्पत्ति अर्जित करूंगा तो मैं सम्बन्धित अवधि की पंचवर्षीय घोषणा मे उस तथ्य को घोषित करूगा।

हस्ताक्षर..........................................

पदनाम..........................................

दिनांक..........................................

अवधेय–अचल सम्पत्ति में बन्धक (Mortgage) या पट्टे पर रखे गये गृह या भू-सम्पत्तियां भी सम्मिलित हैं।

किसी अधिकारी की पत्नी या उसके परिवार के अन्य व्यक्ति द्वारा जो सम्मिलित परिवार में हो, या साथ में रहता हो, या किसी प्रकार उस पर आश्रित हो, रखी गई या उसकी ओर से प्रबन्ध की जाने वाली सम्पत्ति इस घोषणा के प्रयोजनार्थ अधिकारी द्वारा स्वयं रखी गई तथा उसके द्वारा प्रबन्ध की गई, समझी जायगी।

(ग)

[उन लोगों के लिये, जिनके कोई अंश (shares) या विनिधान (Investment) नहीं है : ]

मैं एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि मैं किसी अंश या किसी अन्य विनिधान का स्वामी नहीं हूं। इसके पश्चात् यदि मैं कोई अंश अर्जित करता हूँ या अन्य विनिधान (Investment) करता हूँ तो मैं सम्बन्धित अवधि के लिये पंचवर्षीय घोषणा में उस तथ्य को घोषित करूंगा।

हस्ताक्षर ............................................

पदनाम............................................

दिनांक............................................

(घ)

(उन व्यक्तियों के लिये जो अंशों के स्वामी हो या जिनके अन्य विनिधान हो)

मैं एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि मेरे निम्नलिखित अंश और विनिधान हैं :-

अंश (shares)

| क्रम-संख्या | विवरण | अर्जित करने का दिनांक | प्रत्येक अंश का मूल्य | अंशों की संख्या | अंशों का कुल मूल्य | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |

विनिधान (Investments)

| क्रम-संख्या | विवरण | विनिधान करने का दिनांक | मूल्य | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | | |

यदि मैं और अंश अर्जित करता हूँ या अन्य विनिधान करता हूँ तो मैं सम्बन्धित अवधि के लिये पंचवर्षीय घोषणा में उस तथ्य को घोषित करूंगा।

हस्ताक्षर ............................................

पदनाम............................................

दिनांक............................................

पी०एस०यू०पी०--ए०पी० 3 सा०नियुक्ति--6.6.2005--(391)--1,000--(कम्प्यूटर / आफसेट)।